बुधवार
26 जून 2024



पृष्ठ 4
गर्मी के दिनों में पीएं ठंडा-ठंडा मौसंबी...



पृष्ठ 5
अनन्या पांडे ने क्रॉप टॉप पहने हुए...



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 143
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

चंद्रमा अपना प्रकाश संपूर्ण आकाश में फैलाता है परंतु अपना कलंक अपने ही पास रखता है।
– रवींद्र

# दून वैली मेल


सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# चौबीस घंटे के अन्दर एक अन्य महिला का शव मिलने से सनसनी

संवाददाता

देहरादून। बडोवाला में एक महिला व बच्चे का शव मिलने की गुत्थी को पुलिस अभी समझ ही नही पायी थी वहीं घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक अधेड महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। हत्यारे ने बडी सफाई से घटना को अंजाम देकर शवों को ठिकाने लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस पटेलनगर के बडोवाला क्षेत्र में पेट्रोल पम्प के पास एक सूखे नाले में छह माह की बच्ची और एक महिला का शव पडा मिला था। दोनों करीब तीन दिन पुराने बताए जा रहे हैं। दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। माना जा रहा है कि दोनों की हत्या कर किसी ने शव यहां फेंके है। पुलिस ने दोनों की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन दोनों की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। घटनास्थल ग्रामीण क्षेत्र में होने के कारण आसपास सीसीटीवी कैमरे भी नहीं है जिससे कुछ सुराग लग पाता। पुलिस



बडोवाला में मिला था महिला व बच्चे का शव

अभी उन दो शवों की शिनाख्त कराने का प्रयास कर जांच कर ही रही थी कि आज प्रातः पुलिस को घटनास्थल की जांच के दौरान घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक अधेड महिला का शव पडा मिला।

दो दिन में तीन शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। वहां पर लोगों की भीड एकत्रित होनी शुरू हो गयी। घटना का पता चलते ही एसएसपी अजय सिंह, एसपी सिटी व सीओ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई कुछ नहीं बता सका। वहीं लोगों का मानना है कि तीनों की कहीं अन्य स्थान पर हत्या कर उनके शवों को यहां लाकर फैंका गया है। लोगों का यह भी मानना है कि कल मिले महिला व बच्चे के शव आज वाली महिला के बच्चे हो सकते हैं। तीन शवों के मिलने से पुलिस विभाग में भी हडकम्प मच गया। एसएसपी अजय सिह ने सख्त आदेश किये हैं कि जब तक मामले का खुलासा नहीं हो जाता इसकी जांच में लगी टीमें दिन रात काम कर इसका खुलासा करने का प्रयास करेंगे।

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की भेंट

# नैनीताल में रक्षा संपदा की भूमि राज्य सरकार को देने का किया अनुरोध

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर नैनीताल में पार्किंग सुविधा विकसित करने के लिए रक्षा संपदा की भूमि राज्य सरकार को देने का अनुरोध किया।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें राज्य की समस्त जनता की ओर से पुनः रक्षा मंत्रालय का दायित्व मिलने पर बधाई और शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री से पर्यटन नगरी, नैनीताल में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों/ श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग सुविधाओं के विकास के लिए नैनीताल स्थित रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि को राज्य सरकार को उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नैनीताल विश्व में पर्यटन ही नहीं वरन् धार्मिक/आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हो गया है।



जनपद नैनीताल में विश्व प्रसिद्ध बाबा नीम करोली महाराज के आश्रम श्री कैंची धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक बढोत्तरी हो रही है। कैंची धाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालु नैनीताल अथवा नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्रों में ही रुकते हैं। नैनीताल में पार्किंग व्यवस्था के काफी सीमा तक समाधान के लिए मुख्य रूप से यह विकल्प संज्ञान में लाया गया कि नैनीताल नगर में नैनी झील से 2 कि.मी. की दूरी पर रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि है, जिसका क्षेत्रफल 3 एकड है। यदि इस भूमि को पार्किंग हेतु उपलब्ध करा दिया जाता है तो नैनीताल में एक सीमा तक पार्किंग ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# डोडा में सुरक्षाबल और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक दहशतगर्द ढेर


जम्मू । जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के एक वन क्षेत्र में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई। फिलहाल जानकारी के मुताबिक एक आतंकी ढेर हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी जिले में 11 और 12 जून को हुए दोहरे आतंकवादी हमले के बाद पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा गहन तलाशी और घेराबंदी अभियान चलाया जा रहा था। इसी तलाशी अभियान के दौरान सुबह नौ बज कर करीब 50 मिनट पर गंडोह क्षेत्र के बजाद गांव में गोलीबारी शुरू हुई। चत्तरगल्ला में एक संयुक्त जांच चौकी पर 11 जून को आतंकियों के हमले में छह सुरक्षा कर्मी घायल हो गए थे, जबकि अगले दिन गंडोह क्षेत्र के कोटा टॉप पर आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। दोहरे आतंकी हमले के बाद से ही घाटी में सुरक्षाबलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया है। उन चार आतंकवादियों पर पांच-पांच लाख रुपये का नकद इनाम भी घोषित किया गया है जिनके बारे में कहा जा रहा है कि वे घुसपैठ के बाद जिले में सक्रिय हैं। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों की मदद से पुलिस ने सिनू पंचायत गांव में आंतकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया, लेकिन इसी बीच वहां छुपे आतंकियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई।

# ध्वनिमत से लोकसभा स्पीकर चुने गए ओम बिरला

नई दिल्ली। लोकसभा स्पीकर पद के लिए ओम बिरला ध्वनिमत से चुने गए हैं। बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला ने कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश को बुधवार को चुनाव में हरा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा। इसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अनुमोदन किया।

वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत ने लोकसभा स्पीकर पद के लिए कोडिकुन्नील सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा और आरएसपी के नेता एनके प्रेमचंद्रन ने इसका अनुमोदन किया, लेकिन के सुरेश चुनाव हार गए। ओम



बिरला को लोकसभा स्पीकर चुने जाने के बाद उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए।

इस दौरान जब बिरला ने अध्यक्षीय आसन ग्रहण किया तो पीएम मोदी, राहुल गांधी और रीजीजू ने उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने ओम बिरला को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी का विश्वास है कि आने वाले पांच साल में आप हमारा मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, दूसरी बार लोकसभा स्पीकर का पद संभालना अपने आप में ही रिकॉर्ड है। बलराम जाखड़ ही इससे पहले सिर्फ दो बार लोकसभा अध्यक्ष रहे हैं। ज्यादातर नेता स्पीकर बनने के बाद चुनाव नही लड़े हैं या फिर जीतकर नहीं आए हैं, लेकिन आप (ओम बिरला) चुनाव जीतकर आए हैं।

राहुल गांधी ने भी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को बधाई देते हुए कहा कि सरकार के पास शक्ति होती है, लेकिन हम भी लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये जरूरी है कि विपक्ष की आवाज इस सदन में जरूर सुनाई देनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि आप हमें बोलने देंगे। विपक्ष की आवाज को दबाना अलोकातांत्रिक है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# 10 साल बाद मिला नेता प्रतिपक्ष

लोकसभा चुनाव 2024 देश के राजनीतिक, लोकतांत्रिक और संवैधानिक मर्यादाओं तथा परंपराओं में बड़े बदलाव लाने के रूप में याद किया जाएगा। सत्ता पर काबिज लोग देश को जिस तरह मनमाने तरीके से चलाने का काम बीते 10 सालों से करते आ रहे थे वह अब आगे नहीं चलेगा। 4 जून को चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस संविधान की किताब को लेकर प्रचार करते दिखे थे इस किताब को हाथ में लेकर मीडिया से मुखातिब हुए और उन्होंने चुनाव हारने के बाद भी देश की जनता को इसका धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने एक मजबूत विपक्ष देकर संविधान और लोकतंत्र को बचा लिया है। जो उनकी बड़ी जीत है वह अब आपके हितों की लड़ाई और मजबूती से लड़ सकेंगे। 10 साल पहले 2014 में जब सत्ता ने असंवैधानिक तरीके से संसद में नेता विपक्ष के जिस पद की हत्या कर दी गई थी वह कल राहुल गांधी के नेता विपक्ष चुने जाने के साथ ही फिर जिंदा हो गया है अब संसद में राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने बैठे नजर आएंगे। उनके सवालों का जवाब अब सरकार को देना ही होगा। उन्हें सुनना भी होगा और उनके किसी भाषण को काटा या छुपाया नहीं जा सकेगा। यही नहीं अब मीडिया भी उनके भाषण को छापने से नहीं बच सकेगा। क्योंकि नेता विपक्ष भारतीय राजनीति में एक संवैधानिक पद है और इस पर बैठे व्यक्ति को कैबिनेट मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं प्राप्त होती हैं। 10 साल पहले गलत तर्कों के आधार पर सत्ता पक्ष ने इस पद को समाप्त कर दिया था संविधान में कहीं भी ऐसा नहीं लिखा है कि नेता विपक्ष के लिए राजनीतिक दल के पास कुल सांसद संख्या का 10 फीसदी सांसदों का होना जरूरी है। यह नियम नेता विपक्ष के लिए नहीं है अपितु संसद में किसी भी दल को राजनीतिक मान्यता दिए जाने के संबंध में है। लेकिन मोदी और उनकी टीम ने इसे गलत तरीके से नेता विपक्ष से जोड़ दिया गया और 10 साल तक संसद को नेता विपक्ष विहीन बनाकर रखा गया। संवैधानिक व्यवस्था के हिसाब से सबसे अधिक सांसद संख्या वाले विपक्षी दल का नेता विपक्ष होना चाहिए। दर असल नेता विपक्ष तो बहुत बड़ी बात है मोदी सरकार का प्रयास तो विपक्ष विहीन सरकार का रहा है। हमने उन्हें सदन में यह कहते देखा है कि कांग्रेस आज नेता विपक्ष की हैसियत खो चुका है तो उसके लिए खुद कांग्रेस ही जिम्मेदार है विपक्ष और नेता विपक्ष की लोकतंत्र में क्या अहमियत है इसे हम सभी जानते हैं लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि सरकार के इस गलत काम का विरोध न तो मीडिया ने किया और न ही भाजपा का कोई नेता कर सका। आज लोकसभा के स्पीकर पद के लिए चुनाव हो रहा है यह भी देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार हो रहा है। लेकिन इसकी नौबत भी इसलिए आई है क्योंकि यह भी संवैधानिक मान्यताओं से जुड़ा सवाल है स्पीकर अगर सत्ता पक्ष का होता है तो डिप्टी स्पीकर विपक्ष का होने की परंपरा है। लेकिन स्पीकर के चुनाव से ऐन एक दिन पूर्व राहुल गांधी का नेता विपक्ष चुना जाना 2024 के चुनावी परिणाम का पहला नतीजा है। विपक्ष और नेता विपक्ष की मौजूदगी कम से कम लोकतंत्र के जिंदा होने का एहसास तो करायेगी। सही मायने में मोदी की और उनकी सरकार की असल परीक्षा तो इस उनके तीसरे कार्यकाल में ही होगी। इंतजार कीजिए पिक्चर अभी बाकी है?

# हजारों की नगदी सहित सात जुआरी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से 10, 740 रूपये की नगदी व एक ताश की गड्डी भी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना जाजरदेवल पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान जम्मू वाली गली टंकी के पीछे स्थित चाय की दुकान में छापेमारी कर सात लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया गया। जुए के फड़ से पुलिस ने 1 ताश की गड्डी व 10,740/- रुपये की नगदी बरामद की। पूछताछ में उन्होने अपना नाम विक्रम सिंह पुत्र दिवान सिंह, निवासी सातसिलिंग थाना जाजरदेवल जिला पिथौरागढ़, सुरेश प्रताप पुत्र स्व. जगत राम, निवासी थाना जाजरदेवल जिला पिथौरागढ़, गणेश राम पुत्र गोविन्द राम, निवासी सल्मोड़ा थाना जाजरदेवल जिला पिथौरागढ़, सुरेश चन्द पुत्र श्याम चन्द, निवासी बीसाबजेड़ थाना जाजरदेवल जिला पिथौरागढ़, महेश राम पुत्र बहादुर राम, निवासी जीबी. थाना जाजरदेवल जिला पिथौरागढ़, लीलाधर भट्ट पुत्र स्व. हरि किशन भट्ट, निवासी गुमशेरा थाना जाजरदेवल जिला पिथौरागढ़ व प्रकाश सिंह सौन पुत्र शमशेर सिंह सौन, निवासी बीसाबजेड़ थाना जाजरदेवल जिला पिथौरागढ बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

यदज्ञातेषु वृजनेष्वासं विश्वे सतो मघवानो म आसन्।
जिनामि वेत्क्षेम आ सन्तमाभुं प्र तं क्षिणां पर्वते पादगृह्य।।
(ऋग्वेद १०-२७-४)

जब मैं अज्ञात संग्रामों में होता हूं। विद्यमान पवित्र शक्तियां मेरे चारों ओर होती हैं। मैं जगत की रक्षा हेतु नकारात्मक शक्तियों को परास्त करता हूं और उन्हें जड़ से उखाड़ कर पर्वतों पर ना पनपने के लिए फेंक देता हूं।

# निदेशक यातायात ने की दून की यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक

संवाददाता

देहरादून। पुलिस महानिरीक्षक/ निदेशक यातायात मुख्तार मोहसिन ने देहरादून की यातायात व्यवस्था को दुरूस्थ करने के लिए समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये।



आज यहां गोष्ठी में जनपदों में यातायात व्यवस्था के अन्तर्गत देहरादून के 54 चौराहों/तिराहों पर यातायात प्रबन्धन (जाम की स्थिति/सुगम यातायात की समीक्षा), बेसमेंट पार्किंग/प्रांगण पार्किंग की स्थिति, स्कूलों के खुलने व बंद होते समय यातायात व्यवस्था,नो-पार्किंग पर टोईंग की कार्यवाही,राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित कट का विवरण/कार्यवाही आदि पर उठाये गये कदम एवं भविष्य में निराकरण सम्बन्धी उपायों पर चर्चा की गई।

उक्त गोष्ठी में पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक यातायात, द्वारा निर्देश दिये गये। उन्होंने आईएसबीटी के आसपास लगने वाले जाम एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सड़कों पर खड़ी रोडवेज की बसों को आईएसबीटी बस स्टेशन के अन्दर पार्क करवाया जाएगा और इस हेतु ट्रांसपोर्ट विभाग से भी सहयोग लिया जाएगा। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि एमडीडीए फ्लाईओवर के नीचे खाली जगह है जिसे व्यवस्थित पार्किंग के रुप मे विकसित करने हेतु एमएचएआई, पीडब्लूडी एवं राज्य सरकार के अन्य संस्थाओं जैसे डक्क्व व नगर निगम का भी सहयोग लिया जाएगा। बिन्दाल कट पर चकराता रोड से कैंट की ओर जाने वाली रोड पर वाहनों की स्पीड पर नियत्रंण के लिए रम्बल स्ट्रीप लगवायेंगे साथ ही देहरादून के आसपास स्थित पर्यटक स्थल मसूरी, ऋषिकेश एवं चकराता आदि के लिए वाहनों को उस स्थल की पार्किंग क्षमता के अनुसार ही भेजा जाए। और वाहनों की क्षमता को नियत्रंण करने के लिए गेट सिस्टम का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि यातायात जागरुकता की कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक,यातायात एवं पुलिस उपाधीक्षक,यातातात स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं के स्कूलों का एक चार्ट तैयार करेंगे। और अधिनस्थ यातायात निरीक्षक एवं यातायात उपनिरीक्षक को स्कूलों में भेज कर सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम चलायेंगे। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों में बने कट पर डयूटी लगायेंगे जनशक्ति कम होने की दशा में उक्त स्थानों पर सीसीटीवी लगाकर मॉनिटरिंग करेंगे और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करेंगे। तत्काल कार्यवाही के लिए इण्टरसेप्टर और हाईवे ट्रैफिक पैट्रोल यूनिट का मूवमेंट रखेंगे।

मुख्तार मोहसिन, पुलिस महानिरिक्षक/निदेशक यातायात उतराखण्ड द्वारा बताया गया कि कुछ दिनों बाद नगर में स्कूल खुल जायेंगे जिस कारण पुनः सड़कों पर यातायात का दबाव बड़ेगा जिसके लिए अधिनस्थों को सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए निर्देश जारी किये गये है और नगर में अतिक्रमण पर लगातार कार्यवाही जारी रखने के लिए भी निर्देशित किया गया है और यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरुद्व सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये गये है ताकि निर्बाध यातायात आवागमन रहें।

# राजपुर रोड व्यापार समिति की अर्द्धवार्षिक बैठक सम्पन्न

संवाददाता

देहरादून। राजपुर रोड व्यापार समिति की अर्द्धवार्षिक बैठक में पार्किंग की समस्या पर विचार किया गया।



यहां राजपुर रोड व्यापार समिति की अर्द्धवार्षिक बैठक राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गयी। इस बैठक में मैक्स अस्पताल के प्रमुख डाक्टरों को आमंत्रित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप तंवर (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), डॉ. शमशेर द्विवेदी (निदेशक न्यूरोलॉजी), डॉ. पुनीष सदाना (निदेशक कार्डियोलॉजी), सभी डाक्टरों ने उपस्थित व्यापारियों को स्वास्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम और खानपान पर ध्यान देने का सुझाव दिया। मैक्स अस्पताल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. संदीप तंवर ने अपने और अपनी टीम के पूरे सहयोग और हर सम्भव समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। अर्द्धवार्षिक बैठक में सिद्धार्थ अग्रवाल और विशाल गुप्ता को भी आमंत्रित किया गया। बैठक के दौरान सिद्धार्थ अग्रवाल के सामने दुकानदारों की पुरान पार्किंग की समस्या रखी गयी, जिसके समाधान का आश्वासन उन्होंने शीघ्रता से देने का वादा किया। मंच पर अध्यक्ष अनुज रस्तोगी, उपाध्यक्ष राहुल सूद, सचिव योगेश तनेता, कोषाध्यक्ष हरीश मित्तल, संयुक्त कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, जनसम्पर्क अधिकारी संजय वाधवा उपस्थित रहे। बैठक में वरिष्ठ सदस्य एसपी कोचर, चंद्रगुप्त विक्रम, संजीय गोयल, प्रमोद गुप्ता, शकील अहमद, अजय गोयल, किशन वर्मा, सुनील मैसन, अजय वाधवा, अनुपम गुलाटी, अनिरूद्ध गुलाटी व अन्य मौजूद रहे।

# 23वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ



संवाददाता

रूद्रपुर। 23वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस खेल प्रयोगिता 2024 का विधिवत शुभराम्भ किया गया।

आज यहां पुलिस लाइन में आयोजित 23वीं अन्तर्जनपदीय/वाहिनी पुलिस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिकंद कुमार त्यागी जिला एव सत्र न्यायाधीश ऊधम सिंह नगर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कुश्ती/ बॉक्सिंग / बॉडी बिल्डिंग/आर्म कुश्ती आदि खेले जायेंगे। प्रतियोगिता में 11 जनपद उधम सिंह नगर , नैनीताल, अल्मोड़ा , चंपावत, चमोली, हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़, टिहरी और बागेश्वर 05 वाहिनियां आईआरबी प्रथम, आईआरबी द्वितीय, 31 पीएसी, 40पीएसी, 46 पीएसी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा मार्च पास्ट कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि सिकंद कुमार त्यागी जिला एव सत्र न्यायाधिश व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टी सी द्वारा मार्च पास्ट के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी, पुलिस अधीक्षक अपराध चंद्रशेखर घोड़के, पुलिस अधीक्षक नगर मनोज कत्याल, क्षेत्राधिकारी संचार, क्षेत्राधिकारी पंतनगर, क्षेत्राधिकारी बाजपुर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस लाईन के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोफा कुशन को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

गंदे सोफा कुशन्स न सिर्फ घर की खूबसूरती को खराब कर सकते हैं बल्कि इनसे बीमारी फैलने का भी डर रहता है। दरअसल, अगर सोफा कुशन्स गंदे हो जाते हैं तो इनमें कई तरह के कीटाणु पनप जाते हैं जो बहुत जल्दी आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए समय-समय पर इनकी सफाई करना जरूरी है। आइए आज आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनकी मदद से सोफा कुशन्स को आसानी से साफ किया जा सकता है।

वैक्यूम क्लीनर का करें इस्तेमाल

वैक्यूम क्लीनर की मदद से आप अपने सोफा कुशन्स को धूल-मिट्टी से छुटकारा दिला सकते हैं। अच्छी बात तो यह है कि वैक्यूम क्लीनर से कुशन्स को किसी तरह का नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। अगर आपके पास वैक्यूम क्लीनर नहीं है तो सोफा कुशन्स की धूल-मिट्टी साफ करने के लिए सॉफ्ट ब्रश या फिर लिंट रोलर यानि कपड़ों से रूआं साफ करने वाले रोलर का इस्तेमाल करना अच्छा विकल्प हो सकता है। ये आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएगें।

बेकिंग सोडा भी आएगा काम

अगर किसी कारणवश आपके सोफा कुशन पर तैलीय दाग लग गया है तो आप इसे साफ करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए बेकिंग सोडा को अच्छी-खासी मात्रा में दाग के ऊपर छिड़कें और इसे आधे घंटे के लिए दाग पर ही लगे रहने दें। दरअसल, बेकिंग सोडा तैलीय दाग को सोफा कुशन के ऊपर मजबूती से सेट होने से रोकता है, जिसके बाद सोफा कुशन को साफ करने में कोई परेशानी नहीं होती है।

क्लीनिंग सॉल्यूशन का छिड़काव करें

अगर आप चाहते हैं कि आपके सोफे के कुशन्स साफ होने के साथ-साथ कीटाणुमुक्त भी रहे तो इसके लिए खुद एक क्लीनिंग सॉल्यूशन तैयार करें। सबसे पहले एक कटोरी में तीन बड़ी चम्मच एल्कोहल युक्त सैनेटाइजर, एक चम्मच सफेद सिरका और अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें और जब आपको लगे कि आपके सोफे के कुशन्स गंदे हैं तो उस पर इसका छिड़काव करके इसे माइक्रोफाइबर कपड़े से रगड़ें।

ड्राई क्लीनिंग भी है एक अच्छा विकल्प

अगर आपको लगता है कि आप घर पर सोफे के कुशन्स की सफाई अच्छे से नहीं कर सकते हैं तो इसे घर पर साफ न करें और ड्राई क्लीनिंग के लिए भेज दें। ड्राई क्लीनिंग से गंदगी और दाग हटने के साथ-साथ कुशन्स को ज्यादा नुकसान भी नहीं होता है। हालांकि, यह एक महंगा विकल्प हो सकता है, इसलिए आप इस विकल्प को चुनने की बजाय अन्य विकल्पों का सहारा भी ले सकते हैं।

# खिड़कियों-दरवाजों के जाम नट-बोल्ट को ठीक करने के लिए अपनाएं ये तरीके

अगर आपके लिए अपने घर की खिड़की-दरवाजों को ठीक से बंद करने और खोलने में दिक्कत होती है या उनमें से आवाज आती है तो समझ जाइए कि इनके नट-बोल्ट जाम हो गए हैं। हालांकि, कई लोगों को इस बात का पता नहीं चलता और वे खिड़की-दरवाजों को ठीक करने के लिए कारपेंटर बुला लेते हैं, जो अच्छे-खासे पैसे ले जाता है। ऐसे में बार-बार कारपेंटर को बुलाने की जगह आप कुछ तरीकों से खिड़की-दरवाजों को ठीक कर सकते हैं।

अगर आपके घर की किसी खिड़की या फिर दरवाजे के नट-बोल्ट जाम हो गए हैं तो इन्हें ठीक करने के लिए आप मिट्टी के तेल, मोबिल ऑयल या फिर सरसों के तेल आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। बस जिस भी खिड़की या दरवाजे को बंद करने और खोलने में परेशानी हो, उसके नट-बोल्ट पर अच्छे से मिट्टी के तेल या फिर सरसों के तेल आदि की कुछ बूंदें डालें। इससे कुछ ही मिनट में खिड़की-दरवाजे ठीक हो जाएंगे।

साबुन के प्रयोग के दौरान वह घिसते-घिसते टुकड़ों में बंट जाता है और कई लोग इन टुकड़ों को फेंक देते हैं। इसके लिए साबुन के टुकड़े को खिड़की-दरवाजों के जाम नट-बोल्ट पर अच्छे से रगड़े। इससे ये ठीक से काम करने लगेंगे। हालांकि, ध्यान रखें कि साबुन के टुकड़ों को पानी से गीला करके न लगाएं क्योंकि ऐसा करने से खिड़की-दरवाजों के नट-बोल्ट पर ठीक से साबुन नहीं लग पाएगा।

आमतौर पर पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल त्वचा को मॉइश्चराइज करने के लिए किया जाता है, लेकिन अगर आप चाहें तो इसके इस्तेमाल से खिड़की-दरवाजे के जाम नट-बोल्ट को ठीक करने के लिए भी कर सकते हैं। दरअसल, पेट्रोलियम जेली का टेक्सचर चिकना होता है, जो खिड़की-दरवाजे के जाम नट-बोल्ट में चिकनाहट उत्पन्न करके उन्हें ठीक कर सकता है। इसके लिए बस पेट्रोलियम जेली को खिड़की-दरवाजों के जाम नट-बोल्ट पर अच्छे से रगड़े।

अगर आपके घर की खिड़कियों या दरवाजों को ठीक से बंद करने और खोलने में दिक्कत हो रही है तो इन्हें ठीक करने के लिए आप मक्खन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नट-बोल्ट पर अच्छे से मक्खन रगड़कर ऐसे ही छोड़ दें। यह तेल की तरह जल्दी काम तो करेगा नहीं, लेकिन करेगा जरूर। दरवाजों और खिड़कियों से आ रही आवाज को खत्म करने में भी यह सहायक है। (आरएनएस)

# दोबारा गर्म करके चाय क्यों नहीं पीना चाहिए ?



हम में से ज्यादार लोग चाय के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हैं. इसका लाजवाब स्वाद हम में से ज्यादातर लोगों को पसंद होता है. चाय एक इंसान को दूसरे से जोड़ने का काम करता है. चाय में कई तरह के प्राकृतत्व होते हैं जिसे पीने का बाद हम तरोताजा महसूस करते हैं. ये हमारी एनर्जी को बढ़ाने का कम करते हैं. अक्सर ऑफिस में काम की थकान को दूर करने के लिए चाय पीते हैं. हालांकिस कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा चाय पीने की आदत होती है.

ऐसे में कई बार हम लोग चाय बनाने में आलस करते हैं जिसकी वजह से एक बार में अधिका मात्रा मे चाय बनाकर रख लेते हैं और उसे समय- समय पर गर्म करके पीते रहते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बार- बार चाय को गर्म करके पीना सेहत को काफी नुकसान पहुंचता है. आइए जानते हैं चाय को बार- बार गर्म करके क्यों नहीं पीना चाहिए.

स्वाद और स्मेल खराब होता है

बार- बार चाय को गर्म करने से उसका स्वाद और खूशबू उड़ जाती है. ये दोनों चीजें चाय की खासियत होती है. इसके अलावा बार- बार चाय गर्म करने से इसके पोषक तत्व भी कम हो जाते है.

बैक्टीरियल ग्रोथ बढ़ जाता है

ज्यादा देर बाद बनी हुए चाय को दोबारा पीना सेहत के लिए हानिकारक होता है. क्योंकि चाय में माइक्रोबियल बनने लगते हैं. ये माइल्ड बैक्टीरिया सेहत के लिए हानिकारक होते हैं. ज्यादातर घरों में दूध वाली चाय बनती हैं जिसमें दूध की मात्रा अधिक होती है. इस वजह से माइक्रोबियल खतरा बढ़ जाता है. वहीं, हर्बल चाय को बार- बार गर्म करने से उसके पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं.

सेहत के लिए हानिकारक

चाय को बार- बार गर्म करके पीना सेहत के लिए खतरनाक होता है. क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं. अगर आप अपनी इस आदत को नहीं बदलते हैं तो लंबे समय बाद पेट खराब होने पेट दर्द. इंफ्लामेशन आदि बीमारियां हो सकती हैं. ये आदत आपके सेहत के लिए नुकसानदायक होता है.

चाय से जुड़ी ये बातें जान लें

1. चाय बनने के 15 मिनट बाद उसे गर्म करते हैं तो उससे आपको कोई नुकसान नहीं होता है.

2. लंबे समय बाद चाय को गर्म करना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है.

3. हमेशा उतनी ही चाय बनानी चाहिए जितना आप उस समय में खत्म कर लें ताकि बाद के लिए चाय बचनी ही नहीं चाहिए.

# ऑक्सीडाइज ज्वेलरी की इस तरह करें देखभाल, हमेशा रहेगी नई जैसी

आजकल ऑक्सीडाइज ज्वेलरी काफी ट्रेंड में है। यह ज्वेलरी कई अलग डिजाइन में महिलाओं की खूबसूरती पर चार चांद लगाती है और इसकी कीमत भी कम होती है। शायद इसलिए इसका चलन सोने, चांदी या डायमंड से भी ज्यादा बढ़ गया है। हालांकि ऑक्सीडाइज ज्वेलरी की चमक को बरकरार रखने के लिए इसकी ठीक से देखभाल करना जरूरी है। आइए ऑक्सीडाइज ज्वेलरी की देखभाल करने का तरीका जानते हैं ताकि ये हमेशा नई जैसी बनी रहे।

अगर महिलाएं कभी भी ऑक्सीडाइज ज्वेलरी पहनती हैं तो उन्हें इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि यह किसी तरह के परफ्यूम या फिर अन्य ब्यूटी प्रोडक्ट्स के संपर्क में न आएं। दरअसल, इन चीजों के संपर्क में आने से ज्वेलरी के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए जब भी महिलाएं ब्यूटी प्रोडक्ट्स और परफ्यूम लगाएं तो इनके अच्छी तरह से सूखने के बाद ही ऑक्सीडाइज ज्वेलरी पहनें।

अगर कभी भी महिलाओं को अपनी ऑक्सीडाइज ज्वेलरी गंदी लगती है तो इस पर टूथपेस्ट पाउडर लगाएं और फिर किसी साफ मुलायम कपड़े से पोंछकर इसे साफ करें। वहीं अगर ऑक्सीडाइज ज्वेलरी से धब्बे या कालापन हटाना है तो इस पर अच्छे से बेकिंग सोडा छिड़कर आधे घंटे के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। फिर इसे गर्म पानी से धोकर तुरंत ही टिश्यू पेपर से पोंछकर सुखाएं। इसके बाद इसे स्टोर करें।

ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को कभी भी नमी वाली जगह पर नहीं रखना चाहिए क्योंकि इस वजह से ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इसलिए जब भी महिलाएं अपनी ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को स्टोर करें तो इसे बिल्कुल भी हवा और नमी के संपर्क में न रखें। बेहतर होगा कि महिलाएं ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को जिप लॉक प्लास्टिक पाउच में रखकर किसी एयर टाइट बॉक्स में रखें। इससे ज्वेलरी के टूटने का खतरा कम होगा और इसकी चमक भी हमेशा नई जैसी बरकरार रहेगी।

# ब्लश की जगह आप भी करती हैं लिपस्टिक का इस्तेमाल ?

अधिकतर लड़कियां चेहरे ब्लश की जगह लिपस्टिक का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं ऐसा करना चेहरे के लिए खतरनाक साबित हो सकता है? आइए जानते हैं इसके नुकसान के बारे में।

परफेक्ट मेकअप लुक के लिए क्या आपने कभी अपनी पसंदीदा गुलाबी लिपस्टिक अपने गालों और पलकों पर लगाई है? यह एक ऐसा हैक है जो हम सभी को पसंद है लेकिन स्किन केयर स्पेशेलिस्ट इससे दूर रहने की सलाह देते हैं। ऐसा इसलिए हैं क्योंकि लिप प्रोडक्ट्स में इस्तेमाल किए जाने वाले तत्व स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आइए जानते हैं लिपस्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में।

मेकअप महंगा हो सकता है, और जब हम किसी ऐसी चीज में निवेश करते हैं जो हमारी जेब पर भारी पड़ सकती है, तो हम इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाना चाहते हैं। सभी मेकअप लवर इस बात से सहमत होंगे कि हमें यह पसंद है, जब हमारे कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स एक समय में एक से ज्यादा काम कर सकते हैं। ज्यादातर महिलाएं अपनी लिपस्टिक को ब्लश या आईशैडो के जगह इस्तेमाल करती हैं।

हालांकि यह बात भी सही है कि, इसका रिजल्ट हमेशा अच्छा होता है और यह पॉकेट-फ्रेंडली हैक इंस्टाग्राम पर भी बहुत पॉपुलर है, लेकिन, चेहरे के अन्य हिस्सों पर अपने होंठों के लिए बनी किसी चीज का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।सभी लिपस्टिक ब्लश या आईशैडो के रूप में काम नहीं कर सकती हैं। विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि आपको लिपस्टिक जैसे ब्लश से बचना चाहिए क्योंकि यह आपकी स्किन के लिए अच्छा नहीं है।

अधिकतर लड़कियां मेकअप के दौरान ब्लश की जगह लिपस्टिक का इस्तेमाल करती है।

ब्लश की जगह लिपस्टिक का इस्तेमाल करने से आपको इसके कई साइड इफेक्ट हो सकते हैं।

लिपस्टिक में मौजूद केमिकल आपके गालों और आंखों में जलन पैदा कर सकता है।

कुछ लड़कियों को लिपस्टिक गाल पर लगाने से एलर्जी होने की संभावना बढ़ जाती है।

लिपस्टिक को गाल पर लगाने से पोर्स बंद हो जाते हैं और ब्लैकआउट हो सकते हैं।

अगर आप लिपस्टिक को ब्लश की तरह इस्तेमाल करते हैं, तो आपको कम उम्र में चेहरे पर झुर्रियां हो सकती है।

लिप प्रोजक्ट्स में आम तौर पर मोम, तेल, रंग और इमोलिएंट्स होते हैं। सामग्रियों में मोम, कारनौबा मोम, अरंडी तेल और खनिज तेल जैसे विभिन्न तेल शामिल हैं। लिप प्रोडक्ट्स में पैराबेंस जैसे कंपाउंड भी शामिल हो सकते हैं, और अगर ये लिप प्लंपर है, तो इसमें मेन्थॉल या कैप्साइसिन भी शामिल हो सकते हैं। यह प्रोडक्ट सीधा अपने फेस पर लगाना हमारी स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है।

# वैश्विक भू-राजनीति में बढ़ेगा भारत का कद

-डा. एन.के.सोमानी

व्यापार और रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह ईरान ने अगले दस सालों के लिए भारत को सौंप दिया है। चाबहार के विकास एवं संचालन के लिए भारत और ईरान के बीच हुए इस दीर्घकालिक समझौते के बाद भारत की कनेक्टिविटी क्षमता काफी बढ़ जाएगी। चाबहार के जरिए भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों तक पहुंचने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा। चाबहार को अंतराष्ट्रीय उत्तर- दक्षिण व्यापार गलियारे के साथ भी जोड़ने की योजना है। हालांकि, समझौते के बाद अमेरिका की भ्रकुटी तन गई है। उसने भारत को चेतावनी देते हुए कहा है कि ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश को प्रतिबंधों के संभावित जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। भारत ने भी पलटवार में देर नहीं की। विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने भी अमेरिका को नसिहत दी कि उसे विकास को लेकर संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं रखना चाहिए इस परियोजना से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा ।

भू-राजनीति, भू-रणनीति और भू-आर्थिक परिदृश्य से अहम चाबहार बंदरगाह को भारत पिछले दो दशकों से सक्रिय है। अप्रेल २००१ में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ईरान यात्रा के दौरान दोनों देशों द्वारा व्यापार, उद्योग, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, परिवहन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की गई। साल २००३ में भारत और ईरान ने ईरान और मध्य एशियाई देशों से खाड़ी और फिर भारत और अन्य देशों में तेल पहुंचाने की रणनीति के तहत चाबहार को विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। लेकिन अतीत में अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र द्वारा तेहरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर प्रतिबंध लगा दिए जाने के कारण अगले कई सालों तक इस परियोजना को शुरू नहीं किया जा सका। वर्ष २०१५ के परमाणु समझौते के बाद अमेकिरन प्रतिबंधों में ढील दी गई और उसी साल भारत ने इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। २०१६ में पीएम मोदी की ईरान यात्रा के दौरान समझौते को अमली जामा पहनाया गया । लेकिन वर्ष २०१८ में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा परमाणु समझौते से एक तरफा तौर पर हटने और ईरान पर दौबारा प्रतिबंध लगा दिए जाने के कारण भारत के सहयोग पर सवाल खड़े हो गए। हालांकि, साल २०१९ में भारत को चाबहार बंदरगाह के प्रयोग का अधिकार मिल गया था लेकिन प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण करवाने की शर्त के कारण भारत चाबहार को लेकर कोई दीर्घकालिक रणनीति बनाने एवं उसके प्रयोग के लिए आश्वस्त नहीं था। अगस्त २०२३ में जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स के 15 वें शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी से चाबहार पर दीर्घकालिक अनुबंध के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करने पर चर्चा की। चर्चा के दौरान दोनों नेता मध्यस्थता खंड को हटाने पर सहमत हुए जो दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देने में एक बड़ी बाधा थी। इस सहमति के बाद 13 मई, २०२४ को दीर्घकालिक अनुबंध का मार्ग प्रशस्त हुआ। ताजा समझौते के बाद अब अगले दस वर्षों के लिए चाबहार बंदरगाह को संचालित करने का अधिकार भारत के पास आ गया है। अब भारत व्यापार की दीर्घकालिक नीतियों को क्रियान्वित कर सकेगा। कनेक्टिविटी के लिहाज से चाबहार बंदरगाह बेहद महत्वपूर्ण है। यह पाकिस्तान को दरकिनार करके अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है इससे न केवल भारत के मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत हो सकेंगे बल्कि भारत को मध्य एशिया में अपने भू-राजनीतिक प्रभाव का विस्तार करने में भी मदद मिलेगी। द्वितीय, चाबहार के अंतराष्ट्रीय उत्तर- दक्षिण परिवहन गलियारे से जुड़ने की उम्मीद है। जो भारत को ईरान, अजरबैजान और रूस के रास्ते यूरोप के करीब लाएगा। तृतीय, चाबहार स्वेज मार्ग के विकल्प के तौर पर भी उभर सकता है। आईएनएसटीसी से जुड़ने के बाद अंतरमहाद्वीपीय व्यापार काफी सरल और सस्ता हो जाएगा। चतुर्थ, एक पूर्ण विकसित चाबहार बंदरगाह का उपयोग ओमान सागर और ग्वादर बंदरगाह में चीनी को कांउटर करने के लिए भी किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है कि अमेरिका इसका विरोध क्यों कर रहा है। दरअसल, मध्य-पूर्व में ईरान अमेरिका का एक बड़ा सिर दर्द है। परमाणु कार्यक्रम और चीन-ईरान समझौते के बाद उसका दर्द और अधिक बढ गया है। यही वजह है कि अमेरिका चाबहार के प्रति संर्कीण नजरियार रखे हुए है। दूसरा मध्य-पूर्व की बदली हुई भू-पारिस्थिति के बाद अब इस क्षेत्र मे अमेरिका के हित भी बदल गए है। यह देखना दिलचस्प होगा कि मध्य एशिया के साथ व्यापार एवं आवागमन संबंधी परियोजनाओं को बेहतर करने के लिए भारत चाबहार में किस हद तक अमेरिकी दबाव का सामना कर सकता है। कहीं ऐसा तो नहीं कि पूर्व की तरह वाशिंगटन की नाराजगी को लिहाज कर भारत ईरान के साथ अपने रिश्तों को दाव पर लगा देगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# गर्मी के दिनों में पीएं ठंडा-ठंडा मौसंबी का जूस, मिलेंगे ये 5 मुख्य फायदे



मौसंबी का जूस गर्मी में जूस की दुकानों पर मिलने वाला सबसे लोकप्रिय पेय है। यह मौसंबी फल के खट्टे स्वाद और चीनी की मिठास का एक अद्भुत संयोजन होता है, जिसे पीने से ताजगी मिलती हैइस पेय में कई तरह के लाभ भी छिपे होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं। इस जूस को अपनी डाइट में शामिल करने से आप शरीर को डिटॉक्सीफाई भी कर सकेंगे।आइए जानते हैं मौसंबी जूस के सेवन के फायदे।

वजन घटाने में मिलेगी मदद

मौसंबी का जूस एक कम कैलोरी वाला पेय है, जिसमें अच्छी मात्रा में फाइबर और अन्य पोषक तत्व होते हैं। इस स्वादिष्ट जूस के सेवन से वजन घटाने में मदद मिलती है।अगर आप स्वस्थ खान-पान के जरिए अपना वजन कम करना चाहते हैं तो इसे आहार का हिस्सा बनाएं। मौसंबी के जूस का सेवन तृप्ति की भावना को बढ़ाने और भूख को रोकने में मदद कर सकता है।आप स्ट्रॉबेरी का जूस पीकर भी कई लाभ पा सकते हैं।

दिल का स्वास्थ्य होता है दुरुस्त

मौसंबी के जूस का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। साथ ही इससे हृदय स्वास्थ्य को दुरुस्त करने में भी मदद मिल सकती है।मौसंबी के जूस में एंटीऑक्सिडेंट और पोषक तत्व होते हैं, जो रक्तचाप के स्तर और हृदय रोगों के लक्षणों को कम करते हैं। रोजाना एक गिलास मौसंबी का जूस पीने से आप स्ट्रोक और दिल के दौरे जैसी परेशानियों से भी बच सकते हैं।

शरीर होता है डिटॉक्सीफाई

मौसंबी का जूस भी शरीर को डिटॉक्स करने के लिए एक बेहतरीन पेय होता है। यह सुबह के वक्त पीने के लिए बिलकुल सही पेय है, जो हानिकारक विषाक्त पदार्थों को बेअसर करने में मदद करता है।साथ ही इसके सेवन से तनाव भी कम किया जा सकता है। सुबह सबसे पहले मौसंबी का जूस पीने से मूड और ऊर्जा के स्तर को भी बढ़ावा देने में मदद मिलती है।



हाइड्रेशन

इस भीषण गर्मी के बीच धूप के कारण हमारा शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है। इसके चलते चक्कर आना, बेहोशी आना और बेचैनी आने जैसी परेशानियां हो सकती हैं।मौसंबी के जूस में अच्छी मात्रा में पानी मौजूद होता है, जो शरीर को प्राकृतिक हाइड्रेशन प्रदान करता है। इस लजीज पेय को पीने से आपको निर्जलीकरण और गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचने में भी सहायता मिलेगी।आपको बेल का जूस पीने से भी कई लाभ मिल सकते हैं।

बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

मौसंबी का जूस पीने से शरीर को अच्छी मात्रा में विटामिन- सी और एंटीऑक्सीडेंट मिलते हैं। इन तत्वों के कारण प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती हैइसके अलावा, इस पेय में मौजूद फ्लेवोनोइड्स मुक्त कणों के कारण होने वाली सूजन को भी रोकते हैं। मौसंबी के जूस में मौजूद विटामिन सी बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें स्वस्थ रखता हैवजन घटाने के लिए सब्जियों से बने जूस का सेवन करें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -122

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

# कल्कि 2898 एडी से दिशा पाटनी का लुक जारी, क्रॉप टॉप में दे रहीं गैंगस्टर वाइब

साइंस फिक्शन एक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर दिशा पाटनी का एक शानदार पोस्टर जारी किया, जिसमें उनके लुक को देख गैंगस्टर वाइब्स आ रही हैं। फिल्म में दिशा रॉक्सी के किरदार में हैं। उन्होंने क्रॉप टॉप के साथ क्रॉप जैकेट और मैचिंग ट्राउजर पहने हुए हैं। उन्होंने अपने लुक को ग्लव्स और बूट के साथ पूरा किया। पोस्टर पर बैकग्राउंड में टैगलाइन लिखा हुआ है, हैप्पी बर्थडे रॉक्सी। पोस्ट को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, हमारी रॉक्सी यानी दिशा पाटनी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हैशटैग कल्कि 2898 एडी...




कल्कि 2898 एडी तेलुगु इंडस्ट्री की सबसे महंगी बजट वाली फिल्म है। इसका निर्देशन नाग अश्विन ने किया है। यह नाग अश्विन द्वारा लिखित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित है। इसमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण, प्रभास समेत कई अन्य कलाकार अहम रोल में हैं। यह फिल्म 27 जून को रिलीज होने वाली है। वर्कफ्रंट की बात करें तो दिशा को पिछली बार एक्शन थ्रिलर फिल्म योद्धा में देखा गया था। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना लीड रोल में थे। वह जल्द ही फिल्म कंगुवा और वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी। दिशा ने अपनी एक्टिंग करियर की शुरुआत तेलुगु फिल्म लोफर से की, वहीं बॉलीवुड डेब्यू सुशांत सिंह राजपूत स्टारर एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से किया। इस फिल्म में दिशा ने प्रियंका झा का किरदार निभाया। उनका गाना कौन तुझे यूं प्यार करेगा दर्शकों की जुबां पर आज भी है। इसके बाद वह बागी 2 में टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आई। यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई। वह 2019 में रिलीज हुई सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म भारत में भी नजर आई। उन्होंने एक्शन थ्रिलर फिल्म मलंग में अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और कुणाल खेमू के साथ स्क्रीन शेयर किया।

# औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज दिल जीत लेगी अजय देवगन और तब्बू की आशिकी

अजय देवगन और तब्बू की बहुप्रतीक्षित फिल्म औरों में कहां दम था का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के पोस्टर और टीजर के बाद से दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था, जो आखिरकार खत्म हो चुका है। निर्माताओं ने औरों में कहां दम था का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। ट्रेलर में दिखी फिल्म की झलक अजय देवगन और तब्बू की अनोखी प्रेम कहानी का वादा करती है, जिसमें कई उतार-चढ़ाव हैं।

तीन मिनट लंबे ट्रेलर में शांतनु माहेश्वरी युवा अजय देवगन की भूमिका निभाते दिखे, जो तब्बू के किरदार से रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। बाद में एक हत्या के मामले में अजय देवगन जेल चले जाते हैं, जिसकी वजह से तब्बू और वे अलग हो जाते हैं। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कई साल बाद उलझी हुई परिस्थितियों में अजय देवगन और तब्बू को फिर से मिलते हैं। एक ओर अजय जेल से बाहर नहीं आना चाहते, क्योंकि वे बाहर की दुनिया से रूबरू होने के लिए तैयार नहीं हैं, वहीं जब अजय जेल से बाहर आते हैं तो उनका पुराना प्यार तब्बू उनसे मिलने आती हैं, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। ट्रेलर में अजय और तब्बू की प्यारी की अधूरी दास्तां देखने को मिली, जिसमे उनके प्यार की शुरुआत से लेकर अलग होने तक की गहरी कहानी दिखाई गई। ट्रेलर देखने से ऐसा लग रहा है कि जिमी शेरगिल ने तब्बू के पति की भूमिका निभाई है। अजय से अलग होने के बाद तब्बू की शादी जिमी शेरगिल से हो चुकी है, लेकिन अजय के जेल से बाहर आने के बाद तब्बू और जिमी अजय से मिलते हैं और पुराने जख्मों को उजागर करते हैं।

ट्रेलर की शुरुआत में तब्बू कहती हैं, कृष्णा... हमें कोई अलग तो नहीं करेगा न, तो शांतनु का किरदार कहता है, हम चेक किए थे, अभी तक कोई पैदा नहीं हुआ है और किसी ने कोशिश भी की तो आग लगा देंगे। वहीं अजय अपने प्यार तब्बू के साथ होली खेलते हुए भी नजर आए। इस अजय के कुछ एक्शन और फाइट सीन्स भी देखने को मिली। इस दौरान अजय कहते हैं, जब दिल से धुआं उठा, बरसात का मौसम था। सौ दर्द दिए उसने, जो दर्द का मरहम था। हमने ही सितम ढाए, हमने ही गैर तोड़े। दुश्मन थे हम ही अपने, औरों में कहां दम था। वहीं फिल्म के कलाकारों की बात करें तो अजय देवगन और तब्बू के अलावा औरों में कहां दम था में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म को शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक के पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है। यह फिल्म पांच जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# अनन्या पांडे ने क्रॉप टॉप पहने हुए शेयर किया बेहद क्यूट लुक



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही क्यूट लुक्स में तस्वीरें क्लिक करवाई हैं, जिसमें उनकी खूबसूरती देखकर फैंस का दिल मचल गया है।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने हाल ही में अपने लेटेस्ट क्यूट अंदाज में फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी ज्यादा गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक फोटोज पर अपना दिल हार जाते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी अनन्या पांडे का स्टनिंग लुक देखकर लोग दीवाने हो गए हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पिंक कलर का क्रॉप टॉप और लोअर पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा क्यूट और हॉट लग रही हैं।

दरअसल, एक्ट्रेस अनन्या पांडे की ये तस्वीरें एक इवेंट के दौरान की है, जहां उनका ये खूबसूरत और प्यारा सा अंदाज देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।

लेटेस्ट शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं, साथ ही उनका ये लुक फैंस की धड़कनें भी बढ़ा रहा है।

अनन्या पांडे की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो क्यूट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- आप बहुत सुंदर हैं। फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- सो अमेजिंग।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।

# किल में जबरदस्त एक्शन करते नजर आएगें लक्ष्य लालवानी

काफी समय से फिल्म किल को लेकर चर्चे बने हुए थे। करण जौहर के प्रोडक्शन में इस बार प्यार की कहानी तो दिखाई जाएगी लेकिन उसका अंदाज अनोखा होने वाला है। फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे रिलीज से पहले ही करण ने बता दिया था कि कमजोर दिल वाले इसे ना देखें। सच में फिल्म किल का ट्रेलर इतना खतरनाक है तो पूरी फिल्म कितनी खूंखार होने वाली है।




फिल्म किल में एक लव स्टोरी है लेकिन वो आशिक इतना खूंखार होता है कि सभी डर जाते हैं। चलती ट्रेन में जब खूनी खेल होता है और आप ये ट्रेलर में देखेंगे तो दांतों तले उंगलियां चबा जाएंगे। फिल्म का ट्रेलर सच में बहुत खतरनाक है।

धर्मा प्रोडक्शन और सिख्या एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन में बनी फिल्म का ट्रेलर उनके इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है। इसके कैप्शन में लिखा गया, एड्रेनालाईन रश के लिए तैयार हो जाओ। ट्रेलर देखना मत भूलना। फिल्म थिएटर्स में 5 जुलाई को रिलीज होगी।

ट्रेलर के कैप्शन में एक वॉर्निंग भी दी गई है। जिसमें लिखा है, इस फिल्म में हिंसक सामग्री है जो कुछ दर्शकों के लिए तीव्र और परेशान करने वाली हो सकती है। दर्शक इसे सोच-समझकर ही देखें। जरा सोचिए जिस फिल्म के ट्रेलर में ऐसी वॉर्निंग मेकर्स दे रहे हों तो वो फिल्म कैसी होगी। अगर आपको एक्शन-थ्रिलर के साथ ऐसी चीजें देखना पसंद है तो 5 जुलाई को तैयार हो जाइए।

फिल्म के ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि एक लव स्टोरी होती है और ट्रेन में वो शुरू होती है। इसके बाद ट्रेन में ही खून-खराबा दिखाया जा रहा है। रिपोर्ट्स की माने तो इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग चलती ट्रेन में ही हुई है। फिल्म किल का निर्देशन निखिल भट ने किया है। फिल्म में लक्ष्य लालवानी, राघव जुयाल, तान्या मनक्तला, अभिषेक चौहान, हर्ष छाया और आशीष विद्यार्थी अहम रोल में नजर आएंगे लेकिन खूनी खेल लक्ष्य लालवानी खेलते नजर आएंगे।

# नीट मामले के दोषियों को कड़ी सजा मिले

विराग गुप्ता

नीट परीक्षा में धांधली पर कई चरणों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के खुलासों से साफ है कि दाल में बहुत कुछ काला है। बिहार और गुजरात पुलिस की जांच से अगर पेपर लीक भी साबित हो जाए, तो फिर पूरी दाल ही काली हो सकती है। पेपर लीक के बारे में एनटीए ने इनकार किया है। लेकिन नकल और इंपर्सोनेशन, यानी किसी दूसरे ने परीक्षा दिया है, के आरोप सही साबित हो रहे हैं। नीट ने अब मान लिया है कि अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने के 63 मामले सामने आये हैं। इनमें से 23 को अलग-अलग अवधि के लिए परीक्षा से वंचित कर दिया गया है और शेष उम्मीदवारों के नतीजे रोक दिये गये हैं। केंद्र सरकार के प्रस्ताव के अनुसार ग्रेस मार्क को खत्म कर 1,563 छात्रों की दोबारा परीक्षा करवाने पर सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। उनका रिजल्ट 3० जून के पहले आने से काउंसिलिंग में ज्यादा विलंब नहीं होगा।

बड़े विरोध और सोशल मीडिया में बढ़ रहे दबाव के बाद केंद्र सरकार ने आंशिक कार्रवाई की है। पूरे मामले में कई तरह की विसंगतियां, विरोधाभास और आपराधिकता के पहलुओं पर जांच और कार्रवाई का मुद्दा अभी बरकरार है। परीक्षा में आवेदन करने की तारीख में बेवजह बढ़ोतरी और दो हफ्ते पहले ही रिजल्ट घोषित करने से पैदा हुए संदेह का निराकरण भी जरूरी है। परीक्षाओं और नौकरियों में बढ़ रही धांधली का नेताओं और राजनीति से चोली-दामन का साथ है। लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हाईकोर्ट ने हजारों शिक्षकों की नियुक्ति रद्द कर दी, जिस पर बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगायी। इसलिए चुनाव परिणाम वाले दिन एडवांस तरीके से रिजल्ट घोषित करने पर हो रही आलोचना पर सरकार की ओर से साफगोई जरूरी है। राज्यों में पुलिस की जांच, निष्क्रिय केंद्र सरकार, एनटीए की संदिग्ध जांच समिति, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जलेबी की तरह जटिल होते मामले से छात्रों और उनके परिजनों में गुस्सा और निराशा बढ़ रही है। लोकसभा चुनाव में एक-तिहाई वोटरों ने वोट नहीं डाला, क्योंकि युवाओं में सिस्टम के प्रति निराशा थी।




सुप्रीम कोर्ट में नीट से जुड़े मामले में मई में ही त्वरित सुनवाई होती, तो शायद इतना बवाल नहीं होता। अगर नीट की पवित्रता प्रभावित हुई है, तो समय पर न्याय देकर जजों को संविधान की शपथ पूरी करनी ही चाहिए। मेडिकल, इंजीनियरिंग, फार्मेसी और यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को सोशल मीडिया में नेशनल ठगी एजेंसी नाम से शर्मसार किया जा रहा है।

चुनावों में रोजगार और शिक्षा के मुद्दे सबसे अहम थे। नीट परीक्षा में हुई धांधली पर समय से कार्रवाई नहीं हुई, या इस पर व्यापम की तरह लंबी खिचड़ी पकी, तो युवाओं का संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा और डगमगा सकता है। जिन सेंटरों में नकल, फर्जीवाड़ा और गलत तरीके से ग्रेस मार्क देने के आरोप हैं, ऐसे सभी संदिग्ध छात्रों, उनके अभिभावकों, कोचिंग संस्थानों और परीक्षा केंद्र के इंचार्ज लोगों का लाइव नार्को टेस्ट होना चाहिए। इससे मेरिट वाले छात्रों का सिस्टम में भरोसा बढ़ने के साथ भविष्य में धांधली करने वालों के मंसूबे ध्वस्त होंगे। पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से ठोस कार्रवाई कर नयी सरकार को जनता का दिल जीतने की कोशिश करनी चाहिए। अन्यथा तमिलनाडु सरकार की यह बात सही साबित होगी कि नीट की परीक्षा प्रणाली गरीब और ग्रामीण विरोधी है। तक्षशिला और नालंदा के दिनों से भारत में विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता उच्च कोटि की रही है। विकसित भारत के लिए हम जनसांख्यिकीय लाभांश की बात करते हैं, पर लालफीताशाही और भ्रष्टाचार के कारण योग्य बच्चे अमेरिका, यूरोप, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जाकर पैसा और नाम कमाने में ज्यादा इच्छुक हैं।

उदारीकरण के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मुनाफे की संस्कृति बढ़ी। मेडिकल की पढ़ाई सबसे ज्यादा खर्चीली है। नीट परीक्षा पास कराने के नाम पर कोचिंग और सॉल्वर गैंग का बढ़ता जाल देश का बड़ा कैंसर हैं। महामारियों और बीमारियों से निपटने के लिए हमें योग्य, मानवीय और बेहतरीन डॉक्टर चाहिए। संसद में एक-तिहाई सांसद आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं, जिससे लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में है। इस तरह अगर कोचिंग माफिया के भ्रष्ट सहयोग से गलत लोग मेडिकल प्रोफेशन में आ गये, तो भयावह स्थिति पैदा हो जायेगी। राजनीतिक हस्तक्षेप, कोचिंग माफिया, धन-बल के बढ़ते प्रभाव से धांधली के चलते शिक्षा के साथ नौकरियों की गुणवत्ता गिरने से शैक्षणिक अराजकता बढ़ रही है। कोचिंग माफिया और सॉल्वर गैंग की भ्रष्ट मिलीभगत से अयोग्य और धनपशुओं के मेडिकल प्रोफेशन में आने से पूरी सामाजिक व्यवस्था का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। व्यापम घोटाले से साफ है कि पुलिस और सीबीआइ की लंबी जांच के बाद पीड़ित लोगों का भविष्य अंधेरी सुरंग के हवाले हो जाता है। जनहित याचिका के नाम पर पब्लिसिटी का कारोबार बढ़ने के बावजूद पीड़ितों को न्याय नहीं मिलना बेहद चिंताजनक है। वर्ष 2०22 की नीट परीक्षा से जुड़े लंबित मामले को अर्थहीन बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के जजों ने याचिका को निरस्त कर दिया है। यह मामला व्यापम की तरह न भटक जाए, इसके लिए हाईकोर्ट में चल रहे सभी मामलों को सुप्रीम कोर्ट को अपने पास हस्तांतरित कराना चाहिए। अपराध और धांधली के सभी पहलू अदालत के सामने आ सकें, इसके लिए एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र वकील) नियुक्त करने की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट में नीट से जुड़े मामले में मई में ही त्वरित सुनवाई होती, तो शायद इतना बवाल नहीं होता। अगर नीट की पवित्रता प्रभावित हुई है, तो समय पर न्याय देकर जजों को संविधान की शपथ पूरी करनी ही चाहिए। मेडिकल, इंजीनियरिंग, फार्मेसी और यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को सोशल मीडिया में नेशनल ठगी एजेंसी नाम से शर्मसार किया जा रहा है। डॉक्टरी की प्रवेश परीक्षा नीट में अनेक तरह की धांधली, मक्कारी और पेपर लीक से लाखों परिवारों का सपना टूटने के साथ बच्चे मनोरोग और बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। मेडिकल वाली नीट में ऑफलाइन परीक्षा और इंजीनियरिंग की जेईई में ऑनलाइन परीक्षा के दोहरे रवैये से भी समाज में बेचैनी है। प्रतिभा को बढ़ावा देने के नाम पर बनाये गये एनटीए की परीक्षा प्रणाली में व्यक्तिगत मेरिट को आंकने की सही प्रणाली नहीं बनने से कोचिंग संस्थानों का धंधा और जोर पकड़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अमेरिका में एक भाषण में कहा था कि सभी मामलों को अदालतों में ठेलना अच्छी बात नहीं है। परीक्षाओं में धांधली और कोचिंग के गोरखधंधे को रोकने के लिए नीट विवाद से जुड़े सभी दोषियों को जल्दी कठोर दंड मिलना चाहिए। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सू- दोकू क्र.122

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.121का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# डेंड्रफ की वजह से सिर में होती है खुजली ? तो रोजाना करें इस चीज से बालों की मालिश





बालों में होने वाला डैंड्रफ अब एक आम समस्या बन गया है, जो कई कारणों से हो सकता है। कई बार डैंड्रफ शर्मिंदगी का कारण बन जाता है। खोपड़ी का सूखापन डैंड्रफ का सबसे आम कारण होता है। बता दें कि जब खोपड़ी शुष्क होती है, तो त्वचा की कोशिकाएं तेजी से मरने लगती है और गुच्छे बनाकर गिरने लगती है। जिसे हम डैंड्रफ का नाम दे देते हैं। यही नहीं कई बार तनाव, हार्मोनल बदलाव, कमजोरी, दवाइयों का सेवन करना आदि की वजह से डैंड्रफ हो सकते हैं।

डैंड्रफ से पाएं छुटकारा

डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए आप कई तरह के घरेलू उपाय आजमा सकते हैं। कई बार अधिक डैंड्रफ होने की वजह से सिर में खुजली चलने लगती है, खोपड़ी पर लालिमा और तैलीयपन आने लगता है। अगर आप भी डैंड्रफ से परेशान है, तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज हम आपको ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप बालों से डैंड्रफ को दूर कर सकते हैं और अपने बालों को खूबसूरत बना सकते हैं। हम बात कर रहे हैं नारियल तेल और नींबू की।

नारियल तेल और नींबू के रस का इस्तेमाल

नींबू का तेल एंटी फंगल गुणों से भरपूर होता है। यह फंगस के विकास को रोकने में मदद करता है, आप इसका इस्तेमाल कर डैंड्रफ से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको एक बड़ा चम्मच नारियल तेल में 5 से 1० बूंद नींबू के रस की मिलाना होगी। इस मिश्रण को आप रात में सोने से पहले अपने बालों पर लगा ले और हल्के हाथों से सिर की मालिश करें। सुबह उठकर आप शैंपू से अपने बाल धो सकते हैं। ऐसा करने से डैंड्रफ से राहत मिलेगी और सर में खुजली चलना बंद होगी।

मालिश करने से पहले करें ये काम

आप नारियल तेल, बादाम तेल का भी इस्तेमाल कर हल्के हाथों से अपने बालों की मालिश कर सकते हैं। इसके अलावा आप मालिश करने से पहले अपने बालों को सुलझा ले और बालों को हल्का गीला कर ले, ध्यान रहे तेल का उपयोग सीमित मात्रा में करें, स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन करें, दिन भर में काम से कम 7 से 8 गिलास पानी जरूर पिए, धूप में जाने से बच्चे और तनाव कम करें। इससे भी डेंड्रफ की समस्या से छुटकारा मिलता है। इन सब उपायों को करने के बाद भी आपको डैंड्रफ से राहत नहीं मिलती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। (आरएनएस)

# हैलीकाप्टर से बद्रीनाथ-केदारनाथ भेजने के नाम पर ठगे सवा लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। हैलीकाप्टर से बद्रीनाथ-केदारनाथ के दर्शन कराने के नाम पर सवा लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखीसराय बिहार निवासी विकास कुमार ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने बद्रीनाथ केदारनाथ जाने के लिए सुभाषनगर स्थित ट्रैक वेदा कम्पनी के मालिक अतुल से सम्पर्क किया तो उसने उनको बताया कि बद्रीनाथ केदारनाथ हैलीकाप्टर से उनकी बुकिंग की जायेगी जिसके लिए सवा लाख रूपये का खर्च आयेगा। उसने उसको सवा लाख रूपये दे दिये लेकिन जब वह हैलीपेड पर पहुंचा तो उसको पता चला कि उसकी बुकिंग नहीं हुई है। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ कम्पनी के मालिक ने धोखधडी कर रूपये ऐंठ लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# घर से वैल्डिंग मशीन व अन्य सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। घर से वैल्डिंग मशीन व अन्य सामान चोरी होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोथरोवाला निवासी मनेन्द्र कुमार ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने उसके घर से वैल्डिंग मशीन, ग्राइंडर मशीन व हैमर मशीन चोरी कर ली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने नंदू फार्म के पास एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह स्कूटी को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने स्कूटी की डिग्गी से 45 पाउच शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम रामलखन पुत्र बालम राम निवासी शिवाजी नगर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

# परिषद ने प्रशासन से की किरायेदारों के सत्यापन की मांग

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने जिला प्रशासन से किरायेदारों के सत्यापन की मांग की। आज यहां उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल व जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि वह जनपद के समस्त किरायेदारों का पुलिस सत्यापन करवाए। उन्होंने कहा कि पुलिस सत्यापन ना होने के कारण कई आपराधिक घटनाएं घट सकती है। उन्होंने जनपद के मकान मालिकों व जिनके मकान में किराएदार रह रहे हैं उनका सत्यापन अवश्य कराए जाने के कारण साथ ही नगर निगम में भी किराएदारी दर्ज कराए। इसे निगम को भी पता चल सकेगा कि शहर में कितने किराएदार है। जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रभात डंडरियाल ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी इस मांग पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर उसे लागू कराएगा।

# बाइक की चपेट में आकर बुर्जुग महिला की मौत

हमारे संवाददाता

पौड़ी। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर एक बुर्जुग महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर बाइक सवार से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार आज सुबह हुई इस दुर्घटना में गिवाई स्रोत निवासी 60 वर्षीय विमला की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि जिस बाइक से टक्कर लगी वहीं बाइक सवार महिला को अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है जबकि बाइक सवार को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

## नैनीताल में रक्षा संपदा की भूमि राज्य..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

व्यवस्था की समस्या का समाधान हो जायेगा। इस स्थल को यदि बहुमंजिला पार्किंग के रूप में विकसित किया जाता है तो इसमें लगभग 1500-2000 तक वाहन पार्क हो पायेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यथा संभव सहयोग किए जाने के प्रति आश्वस्त किया।

# जोशी ने किया कारगिल शहीद जवानों की वीरांगनाओं को सम्मानित

संवाददाता

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवारजनों व वीरांगनाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




आज यहां सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने हिमालयन कल्चरल सेंटर में एलन इंस्टीट्यूट देहरादून द्वारा आयोजित शौर्य वंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवारजनों और उनकी वीरांगनाओं को स्मृति चिन्ह शॉल एवं 11 हजार रूपये के चेक वितरित कर उनको सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री ने प्रतिभावान छात्रों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने निर्णय लिया है कि सेना या पैरामिलेट्री को जो भी जवान शहीद होगा, उसके परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी दी जाएगी और उस दिशा में सरकार निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कहा कि हम अपने शहीदों को वापस तो नही ला सकते पर उनके सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण हेतु संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा शहीद का सम्मान करना हर देश वासी का कर्तव्य है। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा सैनिकों के सम्मान में देहरादून के गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम के निर्माण किया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है, शीघ्र ही सैन्य धाम प्रदेश की जनता और वीरमाताओं को समर्पित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के लिए अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा सैनिकों पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिये वचनबद्ध है। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने आयोजकों को आयोजन के लिए बधाई भी दी। इस अवसर पर सचिव सैनिक कल्याण दीपेंद्र चौधरी, डायरेक्टर सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल, डायरेक्टर एलन इंस्टीट्यूट नवीन माहेश्वरी, कमांडेंट राहुल अग्रवाल, परमवीर चक्र युगेंद्र यादव, जोनल हैड उत्तर भारत सदानद वाणी, गिरीश गौड़, अवधेश दीक्षित सहित शहीद के परिजन उपस्थित रहे।

# पांच लीटर कच्ची शराब सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

टिहरी। कच्ची शराब तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से जैरिकन में रखी पांच लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना कैम्पटी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान डिमटा बैंड पर पुलिस को जैरिकन सहित एक संदिग्ध आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से जैरिकन में रखी पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम श्याम सुन्दर पुत्र हरबंश लाल मल्होत्रा निवासी ओल्ड हमीदा कॉलोनी थाना जिला यमुनानगर हरियाणा व हाल निवासी भट्टा रोड़ चौकी बाजार, थाना विकासनगर किरायेदार खालिद अली बताया। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

# अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स दिवस के अवसर पर निकाली गई दुपहिया वाहन रैली

हमारे संवाददाता

टिहरी। उत्तराखण्ड में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय ड्रग पखवाडा 2024 के अवसर पर आज थाना मुनिकीरेती, सीआईयू/एएनटीएफ टीम तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा मुनि की रेती क्षेत्र में आम जनमानस को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक किए जाने के उद्देश्य से दुपहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया।



दुपहिया वाहन रैली को श्रीमती अस्मिता ममगाई, क्षेत्राधिकारी नरेंद्र नगर के द्वारा तपोवन तिराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त दोपहिया वाहन रैली खारा स्रोत बाईपास, भद्रकाली, ढालवाला, कैलाश गेट, लक्ष्मण झूला रोड होते हुए तपोवन तिराहे पर समाप्त हुई। वाहन रैली की समाप्ति के उपरांत आम नागरिकों, रैली में सम्मिलित वाहन चालकों तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नशे के दुष्परिणामों आदि के संबंध में शपथ दिलाई गई। नशे के आदी से मोह भंग किए जाने को लेकर युवाओं को मुफ्त काउंसलिंग के लिए टोल फ्री नंबर 14446 के बारे में भी जानकारी दी गई। उक्त रैली में प्रभारी निरीक्षक रितेश साह, निरीक्षक यातायात नदीम अतहर, संदीप तोमर, सीआईयू प्रभारी ओमकांत भूषण, वरिष्ठ उप. निरी. योगेश चन्द्र पाण्डेय, चौकी प्रभारी तपोवन प्रदीप रावत, चौकी प्रभारी कैलाश गेट राजेंद्र रावत, चौकी प्रभारी ढालवाला आशीष शर्मा, म.उप.नि. दीपिका तिवारी, थाना मुनि की रेती/सीआईयू/ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी, रेंट बाइक एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र गुसाईं, अभिषेक शर्मा, नवीन भंडारी, सुनील चौधरी आदि तथा तपोवन क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जोधामल रोड इकाई के मनीष शर्मा अध्यक्ष, अरुण बने महामंत्री

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन के जोधामल रोड इकाई के मनीष शर्मा अध्यक्ष व अरूण को महामंत्री नियुक्त किया गया।




आज यहां बिरला चौक, जोधामल रोड भोलागिरी के स्थानीय कारोबारी रेडी पटरी के लघु व्यापारियों ने लघु व्यापार एसोसिएशन में अपनी आस्था प्रकट करते हुए सदस्यता ली। वही लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा जोधामल रोड भोलागिरी इकाई का गठन करते हुए अध्यक्ष मनीष शर्मा, महामंत्री अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष शिवम राठौड़, उपाध्यक्ष हरिशंकर, उप मंत्री रमेश करी, उपकोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, प्रवक्ता सनी वर्मा, सदस्य कुमार पाल, अजय प्रसाद, हरदयाल, विपिन मेहरा, रमेश कुमार, सोम प्रकाश, अशोक कुमार, मेहंदी राम, संरक्षक ओमप्रकाश भाटिया, सुनील कुकरेती को नियुक्त कर प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा, जिला अध्यक्ष राजकुमार द्वारा संयुक्त रूप से सभी नियुक्त किए गए पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर फूल माला से अभिनंदन में स्वागत किया। उन्होंने कहा बिरला चौक जोधामल रोड भोलागिरी सभी स्थानीय कारोबारी फुटपाथ के रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को राज्य सरकार के संरक्षण में राष्ट्रीय आजीविका मिशन, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार शीघ्र ही जोधामल रोड के सभी लघु व्यापारियों को नगर निगम की भूमि पर वेंडिंग जोन के रूप में व्यवस्थित व स्थापित किए जाने के प्रयास के साथ आगे बढ़ा जाएगा। बैठक का आयोजन शिव पार्क में किया गया। बैठक में शामिल हुए लघु व्यापारियों में जय सिंह बिष्ट, सचिन कुमार, राहुल, पवन, शुभम, सुनील, संतोष कुमार, संजय रावत, सतपाल सिंह, चंदन सिंह रावत, अरुण कश्यप, हरिशंकर आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## एक नजर

# जानलेवा होर्डिंग लगाने की छूट देने वाला आईपीएस अफसर सस्पेंड

हमारे संवाददाता

मुंबई। घाटकोपर इलाके में जानलेवा होर्डिंग लगाने की छूट देने वाले आईपीएस अफसर कैसर खालिद को सस्पेंड कर दिया गया है। आरोप है कि उन्होंने डीजीपी ऑफिस की मंजूरी के बिना रेलवे की जमीन पर एक बड़ी होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी। जिसके बीते माह गिरने से 17 लोगों की मौत हो गयी थी। बता दें कि मुंबई के घाटकोपर इलाके में 140 इन टू 120 फीट का होर्डिंग 13 मई को तेज हवाओं और बेमौसम बारिश के दौरान एक पेट्रोल पंप पर गिर गया था। जिसके चलते राज्य के गृह विभाग ने खालिद के निलंबन का आदेश जारी किया



है, जो मौजूदा समय में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक या एडीजी (नागरिक अधिकारों का संरक्षण) के रूप में तैनात हैं। आदेश में कहा गया है कि 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी उस समय मुंबई में सरकारी रेलवे पुलिस आयुक्त थे, जब उन्होंने निविदा प्रक्रिया का पालन किए बिना, घाटकोपर (पूर्व) में जीआरपी की जमीन पर विशाल होर्डिंग लगाने की मंजूरी एक विज्ञापन कंपनी को दी थी।

निलंबन आदेश के अनुसार होर्डिंग गिरने की घटना के संबंध में प्रारंभिक जांच की गई थी और महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक द्वारा 21 मई को गृह विभाग को सौंपी गई रिपोर्ट में बिलबोर्ड को मंजूरी देने में घोर अनियमितताएं और प्रशासनिक खामियां पाई गई थीं। आदेश के मुताबिक, सरकार ने डीजीपी कार्यालय की मंजूरी के बिना होर्डिंग को मंजूरी देने में प्रशासनिक चूक और अनियमितताओं के संबंध में खालिद के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है।

आदेश में कहा गया है कि सीनियर आईपीएस अधिकारी ने जीआरपी जमीन पर 120◦140 वर्ग फुट आकार के एक बड़े होर्डिंग को लगाने की अनुमति देकर अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया और इस प्रक्रिया में स्वीकृत मानदंडों का उल्लंघन किया, जैसा कि जांच रिपोर्ट में बताया गया है।

# सीबीआई ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई की यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब आज ही सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी संभव है। सीबीआई ने बुधवार को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल को आज सुबह राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया, जहां उन्हें आबकारी नीति मामले में सुनवाई के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पेश किया गया। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी राउज एवेन्यू कोर्ट में उनके साथ थीं। केजरीवाल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। अभिषेक सिंघवी का



कहना है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने कल अपना आदेश पारित कर ट्रायल कोर्ट के जमानत आदेश पर रोक लगा दी और वह उच्च न्यायालय के 21 जून के अंतरिम आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका वापस लेना चाहते हैं और 25 जून के आदेश को चुनौती देते हुए नई याचिका दायर करेंगे।

वही दूसरी ओर केजरीवाल ने कोर्ट में कहा कि मीडिया में कुछ चल रहा है, जो सही नहीं है। मैंने ऐसा बयान नहीं दिया है कि मनीष सिसोदिया दोषी हैं। मैंने कहा था कि वो निर्दोष हैं और मैं भी निर्दोष हूं। इनका मकसद ही मीडिया में हमें बदनाम करना है। सीबीआई के दावों पर केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने (सीबीआई) सिर्फ मंशा के बारे में पूछा था। मैंने कहा था कि शराब नीति रेवन्यू बढ़ाने को लेकर शुरू की गई थी। शराब के ठेकों पर लंबी-लंबी लाइनें होती थीं। मैंने सिसोदिया को बुलाकर निर्देश दिए थे। इसके बाद इन्होंने पूछा कि शराब के ठेकों के निजीकरण का किसका आइडिया था। मैंने कहा कि मेरा आइडिया नहीं था। केजरीवाल ने कहा कि मनीष सिसोदिया बिल्कुल निर्दोष हैं।

## पहाड़ पर काले बादलों का डेरा, दिन में रात जैसा अंधेरा


# आसमानी आपदा का अलर्ट

विशेष संवाददाता

देहरादून। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुरूप आज सुबह से ही उत्तराखंड के आसमान में काले घने बादलों ने अपना डेरा डाल रखा है। गरज के साथ कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भी अपनी तैयारियों को धार दी जा रही है। जिससे आपदा के समय प्रभावितों की मदद की जा सके।

अलर्ट के मद्देनजर आदि कैलाश और ओउम पर्वत की यात्रा को 30 जून तक के लिए रोक दिया गया है। वही चार धाम यात्रा मार्गों पर चिन्हित डेंजर जोन में जेसीबी और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमों को तैनात कर दिया गया है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को अलर्ट पर रखा गया है वहीं सभी जिलाधिकारी को 24 घंटे स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। धामों में पहुंचने वाले यात्रियों के लिए भी नई एसओपी जारी की गई है।

उधर आज आपदा प्रबंधन विभाग





❑आपदा प्रबंधन विभाग तैयारियों में जुटा
❑दून सहित पूरे राज्य में बारिश का दौर
❑यात्रियों से सावधानी बरतने की अपील

के मुखिया रंजीत सिन्हा द्वारा सभी हाइड्रो प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की जिसमें शैडो सिस्टम तैयार करने को कहा गया है। हर एक बांध के जल स्तर और उसे छोड़े जाने वाले पानी की जानकारी आपदा प्रबंधन विभाग को मुहैया कराई जाएगी जिसके आधार पर आपदा प्रबंधन की तैयारी रखी जाएगी। बैठक में एनडीआरएफ एसडीआरएफ तथा अन्य कई विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि 27 से 30 जून के बीच राज्य के चार जिलों जिनमें पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत व नैनीताल शामिल है अतिवृष्टि की संभावना जताई गई है जबकि चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग तथा दून सहित पूरे राज्य में भारी व सामान्य बारिश की चेतावनी देते हुए इस दौरान भूस्खलन बाढ़ व रोड ब्लॉक होने के साथ बादल फटने व आकाशीय बिजली गिरने से नुकसान की संभावना जताई गई है।

# दो चोरियों का खुलासा एक गिरफ्तार, माल बरामद

हमारे संवाददाता

टिहरी। लक्ष्मणझूला क्षेत्र में एक के बाद एक हुयी चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से चुराया गया माल भी बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीती 9 जून को विजेंद्र सिंह, निवासी मुरैना अलीगढ़ उ.प्र. ने थाना लक्ष्मणझूला पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके रिजॉर्ट, रत्ता पानी से 1 सोने की चेन, आईफोन, घड़ी व 8,500 रूपये चोरी कर लिए हैं। साथ ही 9 जून को ही विजेंद्र भंडारी निवासी कैलाश गेट ने थाना लक्ष्मणझूला पर शिकायती पत्र देकर बताया गया था कि उनके लक्ष्मण झूला स्थित रिजॉर्ट से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी स्कूटी तथा 5 हजार रूपये चोरी कर लिये गये है।

लगातार हो रही चोरियों के मामलो की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी गयी। चोर की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद बीते रोज उक्त चोरी में शामिल आरोपी गौतम पुत्र रतिराम को बैराज बाई पास तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से चुराया गया माल भी बरामद हुआ है। जिसने पूछताछ में बताया कि वह ध्याड़ी, मजदूरी का काम करता है और उसकी घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उसने जल्द पैसे कमाने के लालच में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा

●होटल मालिक सहित कई लोग गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीम ने होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का भड़ाफोड़ करते हुए होटल मालिक सहित कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी के दौरान एक युवक और युवती आपत्तिजनक हालत में भी पकड़े गए है। वहीं पुलिस को मौके से आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों पूर्व से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को काशीपुर के एक होटल में गलत काम होने की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद उधमसिंह नगर जिला मुख्यालय रुद्रपुर से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की प्रभारी जीतो काम्बोज के नेतृत्व में एक टीम काशीपुर भेजी गई। टीम ने काशीपुर के आवास विकास मोड़ इलाके में स्थित होटल में छापा मारा तो वहां हड़कंप मच गया।

छापेमारी के दौरान टीम ने एक युवक और युवती को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। इसके अलावा वहां से कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुई। पुलिस व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने होटल को मालिक को गिरफ्तार कर कई महिलाओं और युवतियों का रेस्क्यू किया। इसके अलावा पुलिस ने कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की अभी जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट में एक दर्जन से अधिक पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक दर्जन से अधिक पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरोटीवाला निवासी आसिफ अली ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर के बाहर अपने साथियों के साथ खडा था तभी वहां पर सोहल, मोहसिन, इस्फाक, नवाब, इल्ताफ, फिरोज, गफ्फार, कासिम, कादिर, शोएब, निसार, इसराद, गुलशान व निशा वहां पर आये और उनके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके व उसके साथियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो सभी हमलावर उनको जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
कांति कुमार
*संपादक*
पुष्पा कांति कुमार
*समाचार संपादक*
आनंद कांति कुमार
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*